वन विज्ञान केन्द्र, ओड़िसा, जिला- कोरापुट में
वन रोपणियों तथा वृक्षारोपणों के किटों तथा रोगों का समन्वित प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

(दि. 03 नवम्बर, 2015)

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान द्वारा मध्य क्षेत्र हेतु उपयुक्त वन रोपणियों तथा वृक्षारोपणों के किटों तथा रोगों का समन्वित प्रबंधन, विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दि. 03 नवम्बर, 2015 को वन विज्ञान केंद्र. ओड़िसा, कोरापुट में आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के कृषक, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्वःसहायता समूह के सदस्य तथा वन विभाग के कर्मचारी आदि प्रशिक्षाणार्थी उपस्थित रहे।

उदघाटन कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरा अनुसार मुख्य अतिथि, श्री मोलाथ मोहन, मुख्य वन संरक्षक, कोरापुट द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से आहवान किया कि वे इस कार्यक्रम में प्राप्त जानकारी को मैदान में साकार करने में अपना योगदान दे। डॉ. नितिन कुलकर्णी, वैज्ञानिक – जी तथा प्रभागाध्यक्ष, वन विस्तार प्रभाग, उ.व.अ.सं. नें प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्ददेश्यों से सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थीयों को परिचित कराया तथा कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित तकनिकों को अपनाकर अधिक से अधिक जनसमुदायों को परिचित कराने हेतु प्रेरित किया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किया तथा अपने फीड़-बैक (Feed back) प्रस्तुत किये।

Source: Extension Division